प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 16.06.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जून को नौ करोड़ तीन लाख किसानों के खातों में जारी करेंगे किसान सम्मान निधि योजना की राशि, कार्यक्रम में सभी मुख्यमंत्रियों को आमंत्रण।

2- अगले दो महीने में शुरू होगा वंदे भारत ट्रेन की स्लीपर श्रेणी का ट्रायल, गर्मी में भीड़ को देखते हुए रेलवे ने चलाई 20 हजार विशेष रेलगाड़ियां।

3- रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा – आम लोगों तक केंद्र सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनकी प्राथमिकता।

4- गंगा दशहरा आज, देवघर के बाबा धाम मंदिर में सुबह से श्रद्धालुओं की भारी भीड, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम्।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार 18 जून को वाराणसी से पीएम–किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत नौ करोड़ तीन लाख किसानों के लिए लगभग 20 हजार करोड़ रुपये जारी करेंगे। ग्रामीण विकास, कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सभी मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा गया है।

*******************

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन आज सरायकेला–खरसांवा जिले के राजनगर स्थित मतकमबेड़ा में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री यहां लाभुकों के बीच परिसम्पत्तियों का भी वितरण करेंगे।

*******************

नई लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार संसद की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी राजनीतिक दलों और सांसदों के साथ मिलकर काम करने को तैयार है। नई संसद के पहले सत्र में नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाने, लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव और दोनों सदनों की बैठक में राष्ट्रपति का अभिभाषण होने की परंपरा है।

*******************

वंदे भारत की स्लीपर श्रेणी का ट्रायल अगले दो महीने में शुरू हो जाएगा। वर्तमान में, वंदेभारत एक्सप्रेस में केवल कुर्सी की सुविधा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वंदेभारत स्लीपर ट्रेन चलाने की मांग लगातार की जा रही थी। यह भारत की पहली स्वदेशी सेमी–हाईस्पीड ट्रेन है। रेल मंत्री ने कहा कि गर्मी के मौसम में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे ने लगभग 20 हजार विशेष रेलगाड़ियां चलाई हैं, जिनमें लगभग चार करोड़ यात्रियों ने सफर किया है।

*******************

गोड्डा से विधायक अमित मंडल ने कहा है कि इलाके में जल्द ही पचास से अधिक ग्रामीण सड़कों का शिलान्यास किया जायेगा। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2025 तक गोड्डा विधानसभा के हर कोने में बेहतर सड़कें बनेंगी, जिससे गांव की आर्थिक व्यवस्था मजबूत होगी। श्री मंडल कल ग्रामीण इलाकों में सड़कों के शिलान्यास करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

*******************

जामताड़ा जिले की उपायुक्त कुमुद सहाय ने जिले में संचालित विभिन्न विकास और जन कल्याणकारी योजनाओं को तय समय सीमा के अंदर पूरा करने का निर्देश जिले के अधिकारियों को दिया है। कल एक समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने जिले के युवाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार से जोड़ने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने

जिले के शत प्रतिशत योग्य किसानों को कृषि ऋण माफी योजना का लाभ देने के लिए संबंधित अधिकारियों को भी तेजी से कार्रवाई करने के लिए कहा। उपायुक्त ने विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ–साथ मेन्यू के अनुरूप बच्चों को मध्याहन भोजन उपलब्ध कराने के आदेश दिए।

*******************

आकाशवाणी का समाचार सेवा प्रभाग अपने साप्ताहिक कार्यक्रम पब्लिक स्पीक में, कल रात साढ़े नौ बजे स्वास्थ्य और कल्याण के लिए योग विषय पर चर्चा प्रसारित करेगा। कार्यक्रम के दौरान श्रोता विशेषज्ञों से योग के विभिन्न पहलुओं पर प्रश्न पूछ सकेंगे। ये प्रश्न हमारे टेलीफोन नंबर शून्य एक एक–दो तीन चार दो एक शून्य पांच शून्य और शून्य एक एक –दो तीन तीन एक चार चार चार चार पर पूछे जा सकते हैं। इसके अलावा आप हमारे व्हाट्सअप नंबर 92890 94044 पर भी प्रश्न भेज सकते हैं।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

*******************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा है कि आम लोगों तक केंद्र सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। श्री सेठ कल सरायकेला–खरसावां जिले के ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में नागरिक अभिनंदन के बाद कार्यकर्ताओं से बात कर रहे थे। इससे पहले रंगामाटी पहुंचने पर पहले से मौजूद भाजपा और आजसू कार्यकर्ताओं ने ढोल–नगाड़ों और फूल–माला के साथ उनका स्वागत किया।

*******************

राज्य में कल मनाये जाने वले ईद उल अजहा, बकरीद पर्व को लेकर सारी प्रशासनिक तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। सभी संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई है। पुलिस प्रवक्ता अमोल वी होमकर ने बताया कि सभी जिलों में अतिरिक्त जवानों को तैनात किया गया है। कंट्रोल रूम से हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने और अफवाह फैलाने वालों पर गैर जमानतीय धारा में मामले दर्ज किये जायेंगे।

*******************

लोहरदगा जिले में अधिकारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया है।

*******************

जामताड़ा जिले के कर्माटांड़ थाना क्षेत्र स्थित रतनोडीह और सियाटांड़ गांव से पुलिस ने चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी ने बताया कि इन साइबर अपराधियों के पास से विभिन्न कंपनियों के 15 मोबाइल सेट और 18 फर्जी सिम कार्ड बरामद किए गए हैं।

******************

रांची के खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम में दो जुलाई को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मान समारोह में मैट्रिक और इंटर की परीक्षाओं में 70: से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 20 हजार से अधिक बच्चों को सम्मानितकरने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम में राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव और युवा एवं खेलकूद मंत्री हफीजुल हसन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

******************

देवघर के बाबा धाम मंदिर में आज गंगा दशहरा के अवसर पर सुबह से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। लोग कतारबद्ध तरीके से बाबा बैद्यनाथ मंदिर में जलार्पण करते हुए दिख रहे हैं। मंदिर के मुख्य प्रबंधक रमेश परिहस्त ने बताया कि श्रद्धालुओं के सुलभ दर्शन को लेकर सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त की गई हैं, ताकि श्रद्धालुओं को कतार में होकर जलार्पण करने में कोई परेशानी नहीं हो। मान्यता है कि आज के दिन ही मां गंगा का धरती पर अवतरण हुआ था, जिसके बाद से गंगा दशहरा मनाया जाता है। इधर श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

******************

राज्य में अगले आठ दिनों तक मानसून के प्रवेश करने की संभावना नहीं है। रांची स्थित मौसम केंन्द्र के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि 23 से 25 जून तक मानसून राज्य में प्रवेश कर सकता है। इधर, राज्य भर में तेज धूप के साथ उमस और गर्मी ने आम जनजीवन को प्रभावित किया है। कल राज्य के 14 जिलों में तापमान 41 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया। आज भी गढ़वा, पलामू, सरायकेला और पश्चिमी सिंहभूम जिलों में भीषण गर्मी का अलर्ट जारी है। इधर बीते 24 घंटों के दौरान राज्य के अलग –अलग हिस्सों में लू लगने से सात लोगों की मौत हो गयी है। इनमें गढ़वा से तीन, जमशेदपुर में दो और पलामू तथा रामगढ़ से एक–एक व्यक्ति शामिल हैं।

******समाप्त************